रेलटेलकॉर्पोरेशनऑफ़इंडियालिमिटेड (भारतसरकारकाउपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

Dated- 18-Feb-2023

प्रेस विज्ञप्ति

- **रेलटेल को बैंगलोर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मौजूदा बुनियादी IT ढांचे में सुधार के लिए ऑर्डर मिला है।**

- **अनुबंध का कुल मूल्य ₹58.17 करोड़ (करों को छोड़कर)है।**

- **एक मजबूत आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर मेट्रो यात्रियों के लाभ के लिए सुचारू संचालन और सेवाओं को सक्षम बनाएगा: श्री संजय कुमार, सीएमडी, रेलटेल।**

****

रेल मंत्रालय के तहत एक मिनी रत्न पीएसयू रेलटेल को बैंगलोर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) जिसे नम्मा मेट्रो के नाम से भी जाना जाता है, से एक ऑर्डर मिला है जिसमें 51 स्टेशनों और 2 डिपो में मौजूदा आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया जाना हैं तथा 5 वर्ष की अवधि के लिए व्यापक एएमसी भी शामिल है। इस एएमसी को 5 वर्ष की अवधि तक बढाया जा सकता है।

करों को छोड़कर अनुबंध का कुल मूल्य ₹58.17 करोड़ है।डिलीवरी की अवधि तीन माह है। रेलटेल ने घरेलू खुली और प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से यह प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त किया।

प्रस्तावित नेटवर्क का उद्देश्य सभी बीएमआरसीएल स्टेशनों और डिपो पर इंटरनेट सेवा प्रदान करना है। यह नेटवर्क Traffic Control, Access Control & services इत्यादि की वृद्धि में सहयोग कर सकता है जिसे प्राथमिकता पर चलाया जा सकता है। यह IP-MPLS network सभी इंटरनेट सेवाओं, Enterprises सेवाओं को पूरा करेगा और डेटा फॉरवर्ड, वीपीएन और मल्टीकास्ट सेवाओं को लिंक करेगा। प्रस्तावित नेटवर्क में मल्टीपल रिंग आर्किटेक्चर होगा। इस नेटवर्क में प्रत्येक स्टेशन पर 4 भाग होंगे अर्थात, डीसी और डीआर, कोर नेटवर्क, एग्रीगेशन नेटवर्क और एक्सेस नेटवर्क।

इस बारे में बात करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा, “बंगलौर मेट्रो रेल का ऑर्डर हमारे रेलवे और टेलीकॉम विरासत का लाभ उठाएगा और हम इसे एक फोकस क्षेत्र बनाने की उम्मीद करते हैं। एक मजबूत आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर मेट्रो यात्रियों के लाभ के लिए सुचारू संचालन और सेवाओं को सक्षम बनाएगा।"

रेलटेल के बारे में:

रेलटेल, रेल मंत्रालय के तहत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार बुनियादी ढांचे और आईसीटी समाधान और सेवा प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास कई शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000+ आरकेएम के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना मंत्रालय (MeitY) पैनल वाले टियर III डेटा केंद्र भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न क्षेत्रों में पर समाज को ज्ञनार्जित बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और रेलटेल को दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रहा है। रेलटेल एमपीएलएस वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक साथ प्रदान करता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई प्रदान करके रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ काम कर रहा है और रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ 6100+ स्टेशन लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें:

sucharita@railtelindia.com